# सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर

## SANATAN DHARMA (S.D.) COLLEGE, HOSHIARPUR

Affiliated to Panjab University | Recognized UGC under section 2 (f) 12 B NAAC Accredited

sdcollegehsp@gmail.com   www.sdcollegehsp.net

# सनातन प्रतिबिम्ब

जुलाई 2022 से दिसम्बर 2022 तक





सम्पादक : सहायक प्रो. केशव

## कॉलेज प्रबन्धक कमेटी



अध्यक्षा
श्रीमती हेमा शर्मा



सचिव
श्री श्रीगोपाल शर्मा



कार्यकारी प्रिंसिपल
प्रो. प्रशांत सेठी

## अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

12 अगस्त 2022






12 अगस्त 2022 को कॉलेज के प्रांगण में एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, कॉलेज के रैड रिबन क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, यूथ सर्विसिज वैल्फेयर और कल्चरल अफेयर्स, एन.एस.एस. यूनिट के संयुक्त प्रयास से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एन.एस.एस. प्रोग्राम अधिकारी डा. गुरचरण सिंह ने अंतर-पीढ़ी एकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल व प्रिंसिपल डा. नंद किशोर भी उपस्थित थे।

## होशियारपुर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया

6 अगस्त 2022



देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। भारत सरकार के 'संस्कृति मंत्रालय' द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान को अपना सहयोग देने के लिए कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा व प्रिंसिपल डा. नंद किशोर के मार्गदर्शन में तथा नार्थ जोन कल्चरल सैंटर पटियाला के साथ संयुक्त प्रयास से चलाया गया।

इस सम्बन्ध में एन.एस.एस. यूनिट, यूथ सर्विसिज वैल्फेयर एंड कल्चरल अफेयर्स कमेटी, कॉलेज के रैड रिबन क्लब व एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की प्रिंसिपल डा. राधिका रतन ने भी कॉलेज में हुए रंगारंग कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में स्कूल व कॉलेज के लगभग 170 विद्यार्थियों ने शिरकत की।

# कॉलेज परिसर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त 2022

सनातन धर्म कॉलेज व एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के द्वारा 76वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह व देश भक्ति की भावना से मनाया गया। यह समारोह कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल व प्रिंसिपल डा. नंद किशोर के योग्य मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कमेटी के उपाध्यक्ष श्री चतरभूषण जोशी, उप-सचिव श्री तिलक राज व कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा भी सम्मिलित हुए।




# विद्यार्थियों ने लगाया एन.सी.सी. ट्रेनिंग कैम्प

19 से 26 अगस्त 2022



एन.सी.सी. (NCC) यूनिट की ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट डिम्पल के नेतृत्व में कॉलेज के 21 विद्यार्थियों ने एन.सी.सी. के वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लिया। एन.सी.सी. के कैडेटों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 15 मैडलों को हासिल किया। इन कैडेटों की हौसला अफ़ज़ाई करने के लिए कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। अंत में कैडेटों के साथ एक संयुक्त चित्र भी लिया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर लेक्चर

29 अगस्त 2022





कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की तरफ से राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब पुलिस (पुरहीरां चौकी) के श्री जगदीश कुमार (ए.एस.आई.) ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझे किए। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित मेहमानों और विद्यार्थियों ने चायपान व रिफ्रेशमेंट का आनंद लिया।

# कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

30 अगस्त 2022

कॉलेज परिसर में कॉलेज के रैड रिबन क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, विज्ञान व पर्यावरण क्लब तथा इतिहास विभाग के संयुक्त सहयोग से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उन मुद्दों से परिचित करवाना था जिन्हें अक्सर शैक्षणिक संस्थानों व शैक्षणिक मंडलियों में कम आंका जाता है। इस प्रतियोगिता के अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष तौर पर सम्मिलित हुए।



## कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

3 सितम्बर 2022

कॉलेज के परिसर में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के अध्यापकों ने शैक्षणिक वर्ष के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कोर्स के विषयों के साथ-साथ लाइब्रेरी, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के विभागों की भी गतिविधियों की भी जानकारी प्रदान की। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की भावी गतिविधियों से रूबरू करवाना था। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के समापन पर राष्ट्रगीत गाया गया।



## टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन

6 सितम्बर 2022




कॉलेज के हाल में सहायक प्रो. मेघा दुआ के नेतृत्व में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने छुपे टैलेंट को उजागर किया। इस टैलेंट हंट कार्यक्रम में कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष तौर पर शामिल हुए।




## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

9 सितम्बर 2022

कमोडिटी डेरिवेटिव मार्कीट को समझाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग ने एन.सी.डी.आई.एक्स (NCDIX) आई.पी.एस. ट्रस्ट के सहयोग से करवाया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता मैडम अनीता सैनी ने विस्तार से बताया कि हम किस प्रकार अनेक वस्तुओं में निवेश करके लाभ अर्जित कर सकते हैं। यह कार्यशाला कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी के योग्य मार्गदर्शन में हुई। कार्यशाला के अंत में मुख्य वक्ता मैडम अनीता सैनी को प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी ने सम्मानित किया।



## हिन्दी दिवस का आयोजन किया

14 सितम्बर 2022




हिन्दी दिवस के अवसर पर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में हिन्दी भाषा के इतिहास और इसके महत्व पर भाषण दिए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एन.एस.एस. विभाग और भाषा एवं साहित्य क्लब ने विशेष सहयोग दिया। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी ने हिन्दी भाषा की महत्वता पर अपना विशेष भाषण दिया। इस प्रतियोगिता में 53 के करीब विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह आयोजन कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रशांत सेठी के योग्य मार्गदर्शन के अंतर्गत हुआ।

# स्वस्थ आहार और जीवन शैली पर संगोष्ठी

16 सितम्बर 2022

कॉलेज के परिसर में पोषण अभियान के तहत 'स्वस्थ आहार और जीवन शैली' पर संगोष्ठी का आयोजन एन.एस.एस. यूनिट, कॉलेज के रैड रिबन क्लब तथा एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सहयोग से करवाया गया। इस संगोष्ठी में वक्ताओं ने वर्तमान समय में हमारी जीवन शैली की विस्तार से चर्चा की और स्वस्थ आहार के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस संगोष्ठी में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी के योग्य नेतृत्व के कारण विद्यार्थियों को ऐसी ज्ञानवर्धक संगोष्ठियों का लाभ प्राप्त हो रहा है।



# ई-वेस्ट विषय पर प्रतियोगिता

17 सितम्बर 2022



कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग की तरह से ई-वेस्ट विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हम अपने घरों और उद्योगों में जिन इलेक्ट्रिकल सामान को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं, वहीं बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट( ई-वेस्ट )कहलाता है।

इन ई-वेस्ट उत्पादों को इस्तेमाल करके विद्यार्थियों ने कई तरह के मॉडल तैयार किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के 28 विद्यार्थियों ने 16 टीमों में भाग लिया।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

19 सितम्बर 2022

बायोटेक्नोलॉजी विभाग, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के सहयोग से 'भारत की कला और संस्कृति' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज परिसर में करवाया गया। जिसमें मुख्यत: प्रतियोगियों ने भारतीय कला और संस्कृति को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बताया। अपनी प्रश्नोत्तरी में उन्होंने भारत को गानों, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक परंपराओं, प्रदर्शनकला, संस्कार, अनुष्ठान, चित्रकला और लेखन के लिए पूरे विश्व में 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में बताया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।




# भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

21 सितम्बर 2022



शिक्षा, नशाखोरी, दिमागी नाली तथा महिलाओं का सम्मान आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता कॉलेज परिसर में करवाई गई। इस भाषण प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने इन विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी के योग्य नेतृत्व में ऐसी प्रतियोगिताओं का विद्यार्थी लाभ उठा रहे हैं।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

21 सितम्बर 2022




विश्व शान्ति दिवस पर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व शान्ति को लेकर विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली स्लोगनों को आकर्षक रूप से पोस्टरों द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस प्रतियोगिता में एन.सी.सी. (NCC) के 39 कैडेटों ने भाग लिया। विजयी विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता प्रो. डिंपल की देखरेख में सम्पन्न हुई।



# एन.एस.एस. दिवस का आयोजन

24 सितम्बर 2022




कॉलेज के हाल में एन.एस.एस. दिवस पर विशेष लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दिवस पर मुख्य वक्ता एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की प्रिंसिपल डा. राधिका रतन थी। अपने वक्तव्य में डा. राधिका ने एन.एस.एस. की स्थापना और इसके कार्यों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस समारोह में भारी संख्या में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी भी इस समारोह में विशेष तौर पर शामिल हुए।

# शहीद भगत सिंह का जन्म दिवस मनाया

28 सितम्बर 2022



अमर शहीद व क्रांतिकारी भगत सिंह के जन्म दिवस पर एक लेक्चर का आयोजन कॉलेज में किया गया। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभकिरन कौर ने शहीद भगत सिंह के बचपन, उनकी क्रांतिकारी योजनाओं और देश भक्ति के जज्बे की विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में एस.डी. कॉलेजिएट सी.सै. स्कूल तथा कॉलेज के 70 के करीब विद्यार्थियों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एन.एस.एस. (NSS) विभाग, कॉलेज के रैड रिबन क्लब व एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।



# युवा महोत्सव मनाया

11 अक्तूबर 2022



भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव को एस.डी. कॉलेज, होशियारपुर, एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त प्रयासों के तहत मनाया गया। इस जिला स्तरीय युवा महोत्सव में पेंटिंग, मूल कविता रचना, फोटोग्राफी, भाषण, सांस्कृतिक और संवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. ब्रह्मशंकर 'जिम्पा' कैबिनेट मंत्री पंजाब सरकार, नगर निगम के मेयर श्री सुरेन्द्र कुमार 'शिंदा', सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण लता सैनी व पूर्व कौंसलर के.एस. हुंदल भी शामिल हुए।

## यूथ फेस्टिवल में कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

14 से 17 अक्तूबर 2022

पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय यूथ फेस्टिवल का आयोजन बाबा बलराज पंजाब यूनिवर्सिटी कंस्टीटुएंट कॉलेज, बलाचौर में सम्पन्न हुआ। कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम में कार्यप्रभारी मेघा दुआ थी। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।




## विश्व विद्यार्थी दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

15 अक्तूबर 2022



कॉलेज में विश्व विद्यार्थी दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के कानूनी सहायता क्लब के सहयोग से करवाया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने सुंदर व प्रभावशाली स्लोगन लिखकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की हौसला अफ़ज़ाई की गई। विद्यार्थियों को भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## एस.डी. कॉलेज, होशियारपुर में संगोष्ठी का आयोजन

19 अक्तूबर 2022

कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा 'प्रतिभूति बाज़ार में रोज़गार' के विषय पर नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रभारी वाणिजय विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मंजीत कौर व प्रो. हरजोत कौर थीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटी के जनरल मैनेजर श्री संजीव बजाज थे। मंच संचालन की भूमिका प्रो. ईशा तिवारी ने निभाई। श्री संजीव बजाज ने विद्यार्थियों को प्रतिभूति बाजार में रोजगार पाने के अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में 100 के करीब विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रो. मनप्रीत कौर, प्रो. नेहा, प्रो. ईशा तिवारी, डॉ. सचिन कुमार, प्रो. महक, प्रो. रेणुका, प्रो. ज्योति बाला, प्रो. परमवीर सिंह, डॉ. पलविंदर कौर आदि मौजूद थे। कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की



अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष तौर पर हाज़िर हुए।

## 'स्माइली ग्रुप' ने अनाथालय, वृद्धाश्रम व कुष्ठ आश्रम का दौरा किया

21 अक्तूबर 2022



कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी के दिशा निर्देश में कॉलेज के 'स्माइली ग्रुप' ने अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा के साथ वृद्धाश्रम, अनाथालय व कुष्ठ आश्रम का दौरा किया। उन्होंने इन आश्रमों में रहते बुजुर्ग, अनाथ और कुष्ठ रोगों से पीड़ितों की समस्याओं को सुना और उन्हें सांत्वनाएं दीं। श्रीमती हेमा शर्मा ने कॉलेज के विद्यार्थियों से कहा कि बुजुर्गों, बेसहारा लोगों की सेवा करना भगवान् की सेवा करने के बराबर है।

# स्वच्छता अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन

22 अक्तूबर 2022

सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर व एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सी. सैकेण्डरी स्कूल की प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा तथा प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी व स्कूल की प्रिंसिपल डा. राधिका रतन, विजिलेंस ब्यूरो पंजाब के डी.एस.पी. मुनीष शर्मा, युवा समन्वयक राकेश कुमार, नेहरू युवा केन्द्र होशियारपुर के युवा समन्वयक राकेश कुमार तथा विजय राणा, नगर निगम होशियारपुर की सुश्री मीना कुमारी के नेतृत्व में एक स्वच्छता कार्यक्रम तैयार किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्री प्रमोद शर्मा ने विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की जानकारी दी।




# डेंगू व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन

9 नवम्बर 2022



कॉलेज के एन.एस.एस. (NSS) तथा एन. सी. सी. (NCC) यूनिटों ने गांव फदमा के लोगों को डेंगू और भ्रष्टाचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। यूनिट के कैडेटों ने गांव के लोगों को बताया की घरों की छत्तों पर, घर में लगे कूलरों या नालियों में पानी न खड़ा होने दें, इससे डेंगू का लारवा पनप जाता है। इसके साथ-साथ कैडेटों नें गांव वालों को अपना काम करवाने के बदले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को पैसे न देने के बारे में भी सचेत किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से हम भ्रष्टाचार को नकेल डाल सकते हैं।

# हार्डवेयर असेंबलिंग पर कार्यशाला

18 नवम्बर 2022

कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग की तरफ से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के आंतरिक पार्ट्स से अवगत करवाना था। इस कार्यशाला में कॉलेज के 50 के लगभग विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के कार्य प्रभारी कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रो. केशव थे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताया गया कि कम्प्यूटर में हार्ड डिस्क क्या होती है और यह आंकड़ों व डाटा को कैसे सुरक्षित स्टोर करती है। इसका एक मुख्य पार्ट रैम कम्प्यूटर की स्पीड को कैसे बढ़ाती है इत्यादि जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।



# संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

26 नवम्बर 2022




संविधान दिवस पर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की मुख्य विशेषताओं, इसके इतिहास, इसके महत्वपूर्ण आर्टिकलों से अवगत करवाना था। कॉलेज के रैड रिबन क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, राजनीति शास्त्र विभाग, इतिहास विभाग, एस.डी. कॉलेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल ने संगोष्ठी को करवाने के लिए विशेष सहयोग दिया। इसे सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी का उचित मार्गदर्शन रहा।

## पैरेंट्स-टीचर मीटिंग

29 नवम्बर 2022



कॉलेज परिसर में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ इस मीटिंग में शामिल हुए। इस पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में विद्यार्थियों के अभिभावकों को उनके बच्चे के भविष्य को बेहतर बनाने, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने, जिससे उनके बच्चे के व्यक्तित्व का सर्वपक्षीय विकास हो आदि विषयों पर चर्चा की गई।

प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी ने बताया कि भविष्य में भी कॉलेज में पैरेंट्स-टीचर मीटिंगों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा जिससे अध्यापकों का विद्यार्थियों के अभिभावकों से सीधा सम्बन्ध बना रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार पर संगोष्ठी का आयोजन

10 दिसम्बर 2022



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार के अवसर पर कॉलेज परिसर में व्यक्ति के मौलिक अधिकार, सूचना एवं सुरक्षा पर एक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत राणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस संगोष्ठी में सभी तथ्यों को खुलकर उपस्थिति के सामने उजागर किया गया। व्यक्ति कैसे अपने अधिकारों के हनन पर मानवाधिकार आयोग की शरण में जा सकता है। इस संगोष्ठी में कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष श्री चतरभूषण जोशी, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा तथा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी विशेष रूप से शामिल हुए।

Human Rights

## 'कर्मचारियों में वित्तीय जागरूकता' पर कार्यशाला

27 दिसम्बर 2022

स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग, 'जामनी एंड एक्सचेंज बोर्ड' द्वारा ( सेबी ) के सहयोग से कर्मचारियों में वित्तीय जागरूकता शीर्षक से एक कार्यशाला का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। निवेश्कों में वित्तीय जागरूकता के लिए सेबी की पहल व अन्य पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस आयोजन में 59 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यशाला कॉलेज प्रबन्धक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा व प्रिंसिपल प्रो. प्रशांत सेठी के योग्य मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।






Times Creations : 98880 33233